विवरण

| क्रम सं० स्कीम का नाम | वास्तविक व्यय 1974-75 | प्रत्याशित व्यय 1975-76 |
|---|---|---|
| | रुपए | रुपए |
| 1. खजुराहो में पानी का प्रबंध | 2,40,000 | 75,000 |
| 2. सांची में पानी का प्रबंध | 70,000 | — |
| 3. कान्हा किसली में पानी का प्रबंध 3 | 60,000 | — |
| 4. भोपाल में युवा होस्टल | 30,000 | 74,000 |
| कुल | 4,00,000 | 1,49,000 |

**विद्युत-चालित करघों के कपड़े का निर्यात**

939. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) वर्ष 1975-76 के दौरान विद्युत-चालित करघों के कपड़े का कुल कितना निर्यात किया गया; और

(ख) क्या पश्चिम एशिया तथा लैटिन अमरीका में इसके लिये नई मण्डियों की खोज की सम्भावनाओं का पता लगाया गया है ?

**वाणिज्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह)** : (क) 1975-76 (दिसम्बर 1975 तक) के दौरान विद्युत चालित करघों के 1.30 करोड़ रुपये मूल्य के कपड़े का निर्यात होने का अनुमान है।

(ख) पश्चिम एशिया तथा लैटिन अमरीका सहित विदेशी मंडियों में हमारे सूती वस्त्रों के लिए, जिसमें विद्युत चालित करघों का कपड़ा भी शामिल है, नई मंडियों का पता लगाना एक सतत् प्रक्रिया है।

**मध्य प्रदेश में बैंक लाकरों की तलाशी**

940. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1975 के दौरान मध्य प्रदेश में किन-किन व्यक्तियों के बैंक लाकरों की तलाशी ली गई;

(ख) प्रत्येक मामले में कितने मूल्य के जेवरात, सोना बरामद किया गया; और

(ग) दोषी पाये गये व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री ( श्री प्रणब कुमार मुखर्जी )** : (क) से (ग) मध्य प्रदेश में आयकर प्राधिकारियों द्वारा 1975 में ली गई, बैंक लाकरों की तलाशियों के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना सभापटल पर रखे गए अनुबन्ध-1 में दी गई है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT 10477/76]

मध्य प्रदेश में स्वर्ण नियंत्रण प्राधिकारियों द्वारा 1975 में ली गई, बैंक लाकरों की तलाशियों के सम्बन्ध में सूचना सभा पटल पर रखे गए अनुबन्ध II में दी गई है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT 10477/76]

विदेशी मुद्रा प्रवर्तन प्राधिकारियों ने 1975 में मध्य प्रदेश में किसी बैंक लाकर की तलाशी नहीं ली।

प्रश्न के भाग (क), (ख) और (ग) के बारे में, सीमा-शुल्क अधिनियम से सम्बन्धित सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

**20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिये मध्य प्रदेश में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दिया गया ऋण**

941. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रधान मन्त्री के 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए वर्ष 1975-76 के दौरान राष्ट्रीयकृत बैंकों ने मध्य प्रदेश में निर्धन ग्रामीण लोगों को कितनी राशि का ऋण दिया ?

राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणव कुमार मुखर्जी) : ये विशेष प्रकार के आंकड़े जिस रूप में मांगे गये हैं उसमें उपलब्ध नहीं है । किन्तु 20 सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन में सरकारी क्षेत्रों के सभी बैंकों द्वारा कई ऋण योजनाएं बनायी गई हैं ताकि कार्यक्रम में शामिल किये गये आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों को अधिक उदार और रियायती दरों पर वित्तीय सहायता दी जा सके । इनमें सहायता की ये योजनाएं शामिल हैं । (1) सरकार से भूमि पाने वाले भूमिहीन मजदूरों को खेती करने अथवा अन्य इससे सम्बन्धित धंधे करने के लिये सहायता, (2) भूमिहीन मजदूरों, छोटे किसानों और शिल्पियों से ऋण की वसूली पर रोक लगाये जाने से उत्पन्न हुए ऋण अभाव को पूरा करने और ग्रामीण कर्जदारों को समाप्त करने के कार्यक्रम के क्रमिक कार्यान्वयन के लिये सहायता, (3) मुक्त हुए बंधुआ मजदूरों को, उनके पुनर्वास के प्रयोजन उत्पादक उद्योगों में सहायता, (4) हथकरघा बुनकरों और शिल्पकारों को सहायता, और (5) शिक्षित बेकारों को, आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिये उचित दर दुकान स्थापित करने जैसे रोजगार शुरू करने में सहायता । इसके अतिरिक्त बैंकों ने विभेदी ब्याज दर योजना एस० एफ० डी० ए०/एम० एफ० डी० ए० अभिकरणों, कृषक सेवा समितियों आदि जैसी वर्तमान योजनाओं के अधीन दी जाने वाली सहायता को बढ़ाने के भी उपाय किये हैं ।

**Export of Cotton by State Cooperative Marketing Federation**

942. SHRI VASANT SATHE: Will *the Minister of COMMERCE be pleased* to state:

(a) whether a proposal to allow Maharashtra State Cooperative Marketing Federation to export 35,000 bales comprising mainly damaged second grade cotton of last year's stock is under consideration of Government;

(b) if so, at what stage the proposal stands; and

(c) the likely time involved in clearing the proposal?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The detailed particulars of the cotton sought to be exported have not so far been received from the Maharashtra State Cooperative Marketing Federation.

**Income Tax on Recurring Deposits**

943. SHRI B. R SHUKLA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether 10 year cummulative time deposits in Post Offices are free from income tax;

(b) whether recurring deposits for the same period in nationalised banks are subject to income tax; and

(c) if so, whether Government propose to extend exemption to recurring deposits in nationalised banks also?